प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिये कल होगी मतगणना : मतगणना स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के किये गये कड़े इंतजाम।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 23 प्रस्ताव पारित : महाकुंभ के प्रचार प्रसार के लिए देश समेत विदेशों में होंगे रोड शो।
3. मुख्यमंत्री ने मिशन रोजगार के तहत लखनऊ में 7 सौ से अधिक वन दरोगाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र : कहा– बीते साढ़े 7 वर्ष में 7 लाख से अधिक युवाओं को मिली है सरकारी नौकरी।

और

4. लखनऊ से दुधवा के लिये 25 नवम्बर से शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा : एक घंटे में पूरा होगा सफर।

———————

प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिये मतगणना कल सुबह 8 बजे से शुरू होगी। इसे लेकर सभी सीटों पर कड़े सुरक्षा इंतज़ाम किए गए हैं। 20 नवम्बर को मतदान के दौरान हुई झड़प की कई घटनाओं को देखते हुए प्रशासन विशेष एहतियात बरत रहा है। पेश है एक रिपोर्ट......

*कल सुबह 8 बजे त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईवीएम को खोला जाएगा और सबसे पहले पोस्टल बैलट की गिनती की जाएगी। मतगणना स्थल के अंदर मोबाइल फोन ले जाना पूरी तरहसे प्रतिबंधित रहेगा। कल 90 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला होगा, जिनमें 11 महिला उम्मीदवार भी शामिल हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में इन 9 सीटों में से 4 सीटें करहल ,कुंदरकी, कटहरी, और सीसामऊ समाजवादी पार्टी के पास थीं। वहीं खैर गाजियाबाद और फूलपुर पर भाजपा का कब्जा था। मझवा सीट निषाद पार्टी के कब्जे में थी, वहीं मीरापुर सीट पर सपा की सहयोगी रही राष्ट्रीय लोक दल का उम्मीदवार जीता था। इन 9 में से 8 सीटें विधायकों के सांसदबन जाने की वजह से खाली हुई हैं। वहीं सीसामऊ सीट पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के अयोग्य घोषित किए जाने के बाद खाली हुई थी। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में 24 मे से 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्रि परिषद की बैठक में महाकुंभ के प्रचार प्रसार के लिये देश समेत विदेशों में रोड–शो करने के प्रस्ताव को पारित कर दिया गया। नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने बताया कि इन रोड शो पर करीब 48 करोड का खर्च आएगा। बाइट...... ए के शर्मा**

*माननीय मुख्यमंत्री जी की इच्छा थी कि अपनी पुरातन संस्कृति के इस भव्य विरासत का प्रचार प्रसार भारत के अनेक शहरों में और भारत के बाहर भी अनेक देशों में, जो विशेष रूप से हमारी संस्कृति से जो लोग संबंध हैं, कुछ ऐसे देश हैं जो हमारे बहुत सारी बातों को स्वयं मानते भी हैं, उनका पालन भी करते हैं तो ऐसे देशों में रोड शो किया जाए। साथ ही विदेश में इंडोनेशिया, मैरीशियस जैसे देश और अन्य भी अगर सूचना विभाग को*

*लगेगा कि अन्य देशों को भी इसमें जोड़ना चाहिए तो वहाँ उनको भी जोड़ कर के रोड शो करने की बात किया है।*

मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा विभाग में लगभग 2400 नये पद सृजित करने पर भी मोहर लगाई गई। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि इससे प्रदेश में उच्च शिक्षा के स्तर में सुधार आएगा। बाइट....

*अब 71 तो सीधे सीधे प्राचार्य के पद और लगभग 1136 सहायक आचार्य के पद और लगभग 639 क्लास थ्री और 710 क्लास फोर ये पद सृजित होंगे और रोजगार के अवसर इन लोगों को मिलेंगे। 71 महाविद्यालय हैं तो 71 तो प्राचार्य के स्वभाविक रूप से 16 के एवरेज से 1136 सहायक, प्राचार्य और, नौ क्लास थ्री के हिसाब से 639 क्लास थ्री के पद और 10 क्लास फोर के हिसाब से 710 क्लास फोर के पद ये सृजित होंगे और एक रोजगार के अवसर यहाँ पर लोगों को उपलब्ध होंगे। इससे शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ेगी और संचार रूप से संचालित होगा।*

इसके अलावा महाकुंभ के आयोजन के लिए गृह विभाग की 200 अतिरिक्त वाहनों की मांग को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है। साथ ही चित्रकूट में 800 मेगा वाट का सोलर पॉवर प्लांट लगाने। नोएडा सेक्टर 51 से ग्रेटर नोएडा तक नालेज पार्क मेट्रो प्रोजेक्ट समेत अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गइ है। वहीं नजूल अध्यादेश का प्रस्ताव स्थगित किया गया है।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के तहत लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 701 वन दरोगाओं का नियुक्ति पत्र बांटे। इस

अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनियुक्त वन दरोगाओं में 140 महिलाएं शामिल हैं, जो महिला आरक्षण नीति के तहत किए गए प्रयासों का प्रमाण है। श्री योगी ने कहा कि पिछले सात वर्षों में सरकार 7 लाख युवाओं को नौकरी देने में सफल रही है। बाइट......

*विगत साढ़े सात वर्ष के अंदर हम 7,00,000 से अधिक नौजवानों को उत्तर प्रदेश सरकार में सरकारी नौकरी देने में सफल हुए। प्रधानमंत्री मोदी जी का ये मिशन था। ये प्रक्रिया पूरी ईमानदारी के साथ पारदर्शी तरीके के साथ संपन्न होनी चाहिए। आज वह प्रक्रिया प्रदेश के अंदर पूरी मजबूती के साथ उतारी जा रही है। कल उत्तर प्रदेश में देश या दुनिया की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती का परिणाम आया है। 60,244 पुलिस कार्मिक नियुक्त होंगे और नकल विहीन परीक्षा हुई। अगले दो महीने के अंदर उनके वेरीफिकेशन की कार्रवाई मेडिकल और फिजिकल फिटनेस की सारी कार्रवाई को समझ।सम्पन्न करते हुए उन्हें भी हम ट्रेनिंग सेंटर में आगे की प्रक्रिया के साथ जोड़ करके नियुक्ति की प्रक्रिया को पूरी करते हुए ट्रेनिंग के लिये भेज देंगे।*

आज नियुक्ति पत्र पाने वाले युवक और युवतियों ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया का हर चरण निष्पक्ष तरीके से पूरा किया गया है। लखनऊ की अर्चना यादव ने नियुक्ति पत्र मिलने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। बाइट......

*इस भर्ती प्रक्रिया में हमें हर एक स्टेज पे निष्पक्षता और पारदर्शिता महसूस हुई और रिटेन एग्जाम से लेकर फिजिकल मेडिकल और आज नियुक्ति पत्र देने तक हर एक स्टेज पे बहुत ही निष्पक्ष तरीके से ये प्रक्रिया पूर्ण कराई गई है। इसके लिए मैं समस्त प्रशासन और माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करती हूं।*

——————————

# ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह लखनऊ के एक स्कूल में आयोजित विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 25वें अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में 56 देशों के 178 मुख्य न्यायाधीश और डेलिगेट्स भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने वसुधैव कुटुंबकम के महत्व पर जोर देते हुए इसे भारत की वैश्विक मानवता के लिये प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने भारत के संविधान के अनुच्छेद 51 की भावनाओं को विश्व शांति और सुरक्षा के लिए प्रेरक बताया। श्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संयुक्त राष्ट्र के समिट ऑफ दि फ्यूचर में दिये गये संबोधन की चर्चा करते हुए कहा कि युद्ध समस्याओं का समाधान नहीं है।

———————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वाराणसी के काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी प्रबंधन समिति और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने ज्ञानवापी में वुजूखाने के एएसआई द्वारा किए गए सर्वेक्षण पर प्रतिवादी पक्ष से दो हफ्ते में जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी।

—————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 नवम्बर को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। मन की बात कार्यक्रम को रविवार सुबह 11 बज आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

—————————

अब पर्यटक लखनऊ से दुधवा का सफर हेलीकाप्टर में पूरा कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने हेलीकाप्टर सेवा शुरू करने की तैयारी की है। इसकी शुरुआत लखनऊ से दुधवा के बीच 25 नवंबर से होगी। लखनऊ से दुधवा सड़क मार्ग से जाने में साढ़े चार घंटे का समय लगता है। वहीं हेली सर्विस शुरू होने ये यह समय घट कर एक घंटे हो जाएगा। दुधवा

के लिए यह हेलिकाप्टर सेवा चौधरी चरण सिंह अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पलिया राजकीय हवाई पट्टी तक होगी।

—————————

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा है कि समाज के हर वर्ग तक पारिवारिक मनोरंजन का प्रसार करना प्रसार भारती का कर्तव्य है। प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स के उद्घाटन के बाद श्री सहगल ने मीडिया को बताया कि इस मंच से दूरदर्शन के अभिलेखागार वाले सभी कालजयी कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने बताया कि इस ओटीटी से लगभग बारह भाषाओं में कार्यक्रम प्रस्तुत होगा। इसमें सभी बोलियों में कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाने की भी योजना है। बाइट.....

*ये उचित ही है कि प्रसार भारती भी डिजीटल डोमेन में प्रवेश करे और इसके माध्यम से भारत भर में सुदूर क्षेत्रों में जो लोग रह रहे हैं उन तक अपना कंटेंट पहुंचा सके और जो भारतीय मूल के लोग हैं जो अन्य देशों में है उनको भारत के हिस्टोरिकल आरकाइव्स हैं, हमारे एंटरटेंटमेंट प्रोग्राम, हमारी फिल्म्स सब कुछ एक पैकेज में उपलब्ध कराएं।*

(समाप्त)